प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 10.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के खर्चे और गतिविधियों की निगरानी के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक, रांची में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नौ लाख रुपए नकद बरामद।**
2. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर धोखाधड़ी से निपटने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्‌घाटन, देशभर में साइबर सुरक्षा पर जागरुकता बढ़ाने पर दिया जोर।**
3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा– देश के विकास में झारखंड का अहम योगदान, अब बड़े बदलाव के साथ राज्य बढ़ रहा है आगे।**
4. **आदित्यपुर रेलवे स्टेशन बनेगा अत्याधुनिक सैटेलाइट स्टेशन, दक्षिण–पूर्व रेलवे के डीआरएम ने कहा– लिफ्ट और रैंप की व्यवस्था के साथ प्लेटफॉर्म का भी होगा विस्तार।**

और

5. **राज्य में लोकायुक्त के पद पर छह सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाएगी नियुक्ति प्रक्रिया, राज्य सरकार न झारखंड उच्च न्यायालय को कराया अवगत।**

****

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के धन–बल के इस्तेमाल को रोकने के लिए पुख्ता तैयारी की है। आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि सभी 48 निकायों में प्रत्याशियों के खर्चे और गतिविधियों की निगरानी के लिए व्यय और सामान्य पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने कहा कि महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशियों के अधिकतम खर्चे की सीमा निर्धारित है। इसके साथ सभी प्रत्याशियों को हर दिन के व्यय का भी हिसाब देना होगा।

****

राजधानी रांची के कटहल मोड़ के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से नौ लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी चेक नाकों और चौक–चौराहों पर चौबीस घंटे वाहनों की सघन जांच हो रही है।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से नगर निकाय चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करने को कहा है। वे आज देवघर और दुमका में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे थे। उन्होंने निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत का दावा किया।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय सी बी आई की नई साइबर अपराध शाखा और गृह मंत्रालय के राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया। श्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब देश की सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने देशवासियों के बीच साइबर सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश के विकास में झारखंड का शुरू से अहम योगदान रहा है। यहां के खनिज और अन्य संसाधनों का इस्तेमाल पूरे देश कर रहा है। वे आज एक समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के 25 वर्ष हो चुके हैं। ऐसे में विकास के मामले में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अब राज्य बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

****

सरकार ने पूर्व सैनिक संशोधन नियम 2026 को अधिसूचित कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह नियम केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनर्नियोजन से संबंधित है। इस संशोधन के तहत सैन्य नर्सरी सेवा कर्मियों को पुनर्नियोजन नियमों के अंतर्गत औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सेटेलाइट स्टेशन के रुप में विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने आज इस रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने यहां यात्री सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस स्टेशन पर लिफ्ट और रैंप की व्यवस्था के साथ प्लेटफॉर्म का विस्तार किया जाएगा।

****

राज्य में लोकायुक्त के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया छह सप्ताह के अंदर कर ली जाएगी। झारखंड उच्च न्यायालय में लोकायुक्त नियुक्ति से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने महाधिवक्ता ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। अब इस मामले पर 17 मार्च को अगली सुनवाई होगी। राज्य में लोकायुक्त का पद वर्ष 2021 से ही रिक्त है।

****

कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार पर भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस जनता के पैसों से वेतन पाती है और कॉर्पोरेट घरानों के लिए काम करती है।

****

हजारीबाग डाक प्रमंडल की ओर से आझ डाक महामेला का आयोजन किया गया. इस मौके पर झारखंड परिमंडल के डाक निदेशक रामविलास चौधरी ने विभिन्न डाक सेवाओं और योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को डाक जीवन बीमा के लिए विशेष अभियान चलेगा।

****

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह और विशेष कार्य बल के महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले में ऑपरेशन मेघतुरु के तहत चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सारंडा, पोड़ाहाट और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में भी निर्णायक ऑपरेशन लगातार चलाए जाएंगे।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक आकाश में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना जतायी है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से सवेरे और शाम ठंढ महसूस होगी। 13 फरवरी से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं।

**********समाप्त***********